भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 19.09.2024

## आरेडिका में राजभाषा पखवाड़ा की शुरूआत

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 14.09.2024 से 27.09.2024 तक राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत रेलवे कर्मचारियों को हिंदी में अधिकाधिक काम करने में प्रेरित करने के उद्देश्य से मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री रूपेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें कर्मचारी एवं अधिकारी विभिन्न कार्यक्रमों जैसे– हिंदी कार्यशाला, उपन्यास सम्राट प्रेम चन्द पर साहित्यिक व्याख्यान, निबंध लेखन, राजभाषा शब्दावली अनुवाद, वाक् प्रतियोगिता, प्रारूप एवं टिप्पणी लेखन कवि सम्मेलन आदि के माध्यम से हिंदी में अपनी रुचि का परिचय देंगे।

महाप्रबंधक महोदय, श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा ने बताया कि, राजभाषा के रूप में हिंदी को विकसित करने में आरेडिका के राजभाषा विभाग द्वारा सराहनीय प्रयास किये जा रहे हैं तथा राजभाषा विभाग पाठकों को बेहतर पाठन सामग्री उपलब्ध करा रहा है। जिससे राजभाषा के विकास में मदद मिल रही है।

आगे इसी कड़ी में राजभाषा अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि दिनांक–19.09.2024 को राजभाषा शब्द अनुवाद एवं तकनीकी शब्दावली तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें शब्द अनुवाद एवं तकनीकी शब्दावली में 27 प्रतिभागियों ने तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता में 18 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया ।

अनिल श्रीवास्तव

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जन–संपर्क अधिकारी